## खबर संक्षेप

### मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आज

**उमरिया।** उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा 20 सितंबर को आयोजित की गई है। परीक्षा के लिए जिले में 621 परीक्षा केन्द्र बनाए गये हैं, जिसके माध्यम से 25080 नवसाक्षर परीक्षा देंगे । उन्होंने बताया कि करकेली विकासखंड में 271 परीक्षा केन्द्रों में 9249, मानपुर विकासखंड में 180 परीक्षा केन्द्रों में 9105 तथा पाली विकासखंड में 170 परीक्षा केन्द्रों के माध्यम से 6726 नव साक्षर परीक्षा देंगे । परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है । कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा अभियान धरणेन्द्र कुमार जैन ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए निरीक्षण दल गठित किया है । निरीक्षण दल का दायित्व होगा कि परीक्षा तिथि को सौपे गये क्षेत्र में परीक्षा केंद्र का निर्धारित प्रपत्र अनुसार निरीक्षण करें और प्रतिवेदन के साथ 22 सितंबर को कार्यालय जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण जिला शिक्षा केंद्र उमरिया में जमा कराएं ।

### गहरे पानी में बहे शव को एसडीआरएफ ने किया पुलिस के सुपुर्द



**उमरिया।** ग्राम कछरवार के उमरार नदी मे बहे युवक को एसडीआरएफ की टीम ने 19 सितंबर को ढूढ़ निकाला । बताया जाता है कि शव को गहरे पानी से निकालकर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। मृतक का नाम रामजी पांडे पिता जानकी प्रसाद पांडेय उम्र 45 वर्ष लगभग निवासी ग्राम अंचला है। इस अवसर पर प्लाटून कमांडर राहुल कुमार साहू वाहन चालक , सैनिक श्रवण कुमार,सैनिक मूरत पाल, सैनिक बलबीर खोल,सैनिक लखन सिंह, सैनिक ईश्वर सिंह उपस्थित रहे।

### ग्राम पंचायत बरबसपुर में वित्तीय साक्षरता शिविर संपन्न



**उमरिया।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवकराम सोनवानी ने बताया कि ग्राम पंचायत बरबसपुर में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । ग्राम के खाताधारकों का आरकेवायसी के साथ सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं का पंजीयन कराया गया । शिविर में इंदु कोल , मीरा कोल , मंगलिया रैदास की मृत्यु आकस्मिक होने पर उनके नामिनी क्रमशः राहुल कोल, समरजीत कोल, मुन्नी बाई को प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत लाभ प्रदान किया गया । शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल से रामनगर , भारतीय स्टेट बैंक उमरिया के मुख्य प्रबंधक निशांत बाजपेई, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक उमरिया के शाखा प्रबंधक,यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक एवं ग्राम पंचायत बरबसपुर के सरपंच,सचिव, एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।
फोटो 04

### नवरात्रि को लेकर अमरकंटक थाने में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**अमरकंटक।** आगामी नवरात्रि पर्व को देखते हुए पुलिस थाना अमरकंटक में शांति सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष पार्वती सिंह मुख्य अतिथि रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में चैन सिंह परस्ते, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरकंटक मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी बी.एल. तिवारी ने की। इस अवसर पर नगर परिषद के पार्षदगण रोशन बना दिया, शक्ति शरण पांडे, जोहन चंद्रवंशी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पत्रकार एवं शासकीय विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## पुलिस, खनिज और राजस्व विभाग की चुप्पी से माफिया निरंकुश

# सत्या के इशारे पर धड़ल्ले से चल रहा रेत का काला कारोबार

### शासन को हर माह लाखों का चुना

**उमरिया।** जिले के बिरसिंहपुर पाली थाना क्षेत्र में रेत का अवैध खनन और परिवहन किसी रहस्य से कम नहीं रह गया है। न दिन की रोशनी का डर और न ही रात के अंधेरे का खौफ—रेत माफिया खुलेआम नदी-नालों को छलनी कर रहे हैं। इस खेल में सबसे बड़ा नाम सत्या का सामने आ रहा है, जिसने पूरे इलाके में खौफ और दबदबा कायम कर रखा है। चौंकाने वाली बात यह है कि जिम्मेदार विभाग और वर्दीधारी कार्रवाई तो करते हैं, लेकिन सत्या को हमेशा छूकर निकल जाते हैं। सवाल यह है कि क्या सत्या की पहुंच इतनी ऊंची है कि शासन-प्रशासन भी उसकी कठपुतली बन चुका है?

### नदियों पर डाका, सरकार को राजस्व का नुकसान

स्थानीय नदी-नालों से हर दिन ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपर रेत से लदे निकलते हैं। इनमें से ज्यादातर बिना किसी रॉयल्टी और दस्तावेज के दौड़ते हैं। रेत माफिया औने-पौने दाम पर रेत बेचते हैं और मोटा मुनाफा कमाते हैं। इसका सीधा नुकसान सरकारी खजाने को होता है। हर माह लाखों रुपये का राजस्व चोरी हो रहा है। पर अफसर और वर्दीधारी आंख मूंदे बैठे हैं। खनिज विभाग और राजस्व विभाग का रवैया इतना लचर और शर्मनाक है कि वे कभी मौके पर जाकर खनन रोकने की हिम्मत नहीं दिखाते। खानापूर्ति के नाम पर कभी-कभार सडक़ों पर ट्रैक्टर रोककर चालान काटते हैं, लेकिन असली खेल वहीं का वहीं जारी रहता है।

### सत्या का नाम, अफसरों की चुप्पी

इस पूरे गोरखधंधे में सत्या का नाम सबसे ऊपर चल रहा है। इलाके में चर्चाएं आम हैं कि सत्या की पकड़ इतनी मजबूत है कि उस पर कभी कार्रवाई नहीं होती। खनन माफिया पर छापे तो पड़ते हैं, लेकिन सत्या हमेशा बच निकलता है। यहां तक कि विभागीय कार्रवाई में भी उसका नाम तक नहीं लिया जाता। क्या यह महज संयोग है या सत्या को किसी बड़े राजनैतिक संरक्षण का आशीर्वाद प्राप्त है? यही कारण है कि पुलिस और खनिज विभाग दोनों उसकी शह पर चल रहे अवैध कारोबार पर मौन साधे बैठे हैं।



### गोयरा और पसौरा में माफिया का सिक्का

गोयरा और पसौरा क्षेत्र में सत्या का सिक्का जम चुका है। वहां रेत का कारोबार खुलेआम होता है और यह रेत शासकीय निर्माण कार्यों से लेकर निजी ठेकों तक में खपाई जाती है। यानी शासन के ही कामों में अवैध रेत का इस्तेमाल हो रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या विभागीय अधिकारी इस हकीकत से वाकिफ नहीं हैं या जानबूझकर अनजान बने हुए हैं?

### विभागों की मिलीभगत पर जनता का सवाल

जब गांव-गांव के लोग जानते हैं कि रेत कहां से निकाली जा रही है, ट्रैक्टर कहां से भरकर निकल रहे हैं, तो क्या पुलिस-प्रशासन अंधा और बहरा हो गया है? खनिज विभाग रोजाना होने वाले इस गोरखधंधे से कैसे अनजान रह सकता है? राजस्व विभाग आखिर किसकी सेवा कर रहा है? जनता अब खुलकर सवाल उठा रही है कि विभागों की यह चुप्पी क्या सत्या के संरक्षण का नतीजा है?

### युवाओं को भी धंधे में लगाया

अवैध खनन का यह कारोबार इतना फैल चुका है कि अब स्थानीय युवाओं को भी इसमें शामिल कर लिया गया है। ट्रैक्टर मालिक और चालक मोटी कमाई के लालच में दिन-रात रेत ढोने में लगे हुए हैं। गांवों के बेरोजगार युवक माफियाओं के जाल में फंस चुके हैं। इससे जहां कानून व्यवस्था बिगड़ रही है, वहीं नदियों का स्वरूप भी तेजी से बदल रहा है। तट छलनी हो चुके हैं, जल का प्रवाह थम रहा है और भविष्य में इन नदियों के सूखने का खतरा मंडरा रहा है।

### जिम्मेदार विभागों पर गंभीर सवाल

रेत की लूट से हर दिन सरकारी खजाने को चुना लगाया जा रहा है। लेकिन जिस खजाने की रक्षा करने की जिम्मेदारी पुलिस, खनिज और राजस्व विभाग की है, वही विभाग अब माफियाओं के संरक्षक बन चुके हैं। ऊपर से नीचे तक सबकी जेबें भर रही हैं। जब तक हिस्सेदारी का खेल चलता रहेगा, तब तक नदी-नालों का विनाश जारी रहेगा।
क्या सरकार नदियों को बचाएगी?
सबसे बड़ा सवाल अब यही है कि क्या शासन-प्रशासन को नदियों का अस्तित्व खत्म होता देखना मंजूर है? क्या सरकार के लिए माफियाओं की तिजोरी भरना, नदियों और प्राकृतिक संपदा की रक्षा से ज्यादा जरूरी है? जनता पूछ रही है कि आखिर कब तक पुलिस और अधिकारी सत्या जैसे रेत माफियाओं की ढाल बने रहेंगे?

### जनता का आक्रोश बढ़ रहा

क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही रेत माफियाओं पर शिकंजा नहीं कसा, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। नदी-नालों की लूट सिर्फ पर्यावरण ही नहीं, आने वाली पीढिय़ों के भविष्य से भी खिलवाड़ है। अब यह देखना होगा कि शासन-प्रशासन इस मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेता है या फिर पहले की तरह सत्या को बचाने में जुटा रहता है।

## निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार मे मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने मतदान केन्द्र एवं बीलएओं की जानकारी, वर्ष 2003 एवं 2025 के मतदान केन्द्र की जानकारी, निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण, 2003 के डाटा एवं 2025 की निर्वाचक नामावली मे सम्मिलित मतदाओं के विवरण की मेपिंग आदि की जानकारी प्रदान की । बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया , निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के पदाधिकारी उपसथ्ति रहे।



## गीला एवं सूखा कचरा से ग्रामीणों को कराया गया अवगत

**उमरिया।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना अंतर्गत आयोजित की जाने वाली गतिविधि में घरो से गीला एवं सूखा कचरा अलग अलग किये जाने का महत्व एवं जागरूकता पर आधारित कार्यक्रम ग्राम पंचायत अखडार में आयोजित किया गया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता से रैली निकाली गई तथा सूखा एवं गीले कचरे के महत्व से अवगत कराया गया। महिलाओं द्वारा स्वच्छता की सही आदतों को अपने जीवन में अपनाने व और भी लोगो को प्रेरित करने के लिये शपथ ली गइ। इस अवसर पर सुमित्रा चम्मू कोल सरपंच, पूजा चौधरी सी.एच.ओ. गौरव श्रीवास्तव सचिव एवं पूजा गुप्ता आगनवाड़ी सुपरवाईजर, श्रीमती मीना सिंह आशा सुपरवाईजर एवं श्रीमती शशिकलां सिंह, अंजना सिंह, मीरा रौतेल आंगनवाडी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भालूमाड़ा-कोतमा सड़क मार्ग पर मौत के गड्ढे

**बड़े हादसे को दे रहे आमंत्रण**

**हरिभूमि न्यूजकोतमा।** कोतमा भालूमाड़ा मुख्य सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है। फ्लाई ऐश से भरे वाहनों की बेरोकटोक रफ्तार ने बिगाड़ी सड़क की हालत आवागमन करने वाले हर दिन मौत को दावत देकर कर रहे सफर। एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र की उपेक्षा और भारी वाहनों के अनियंत्रित दबाव ने भालूमाड़ादृकोतमा मुख्य सड़क मार्ग को मौत का गलियारा बना दिया है। जैतहरी स्थित मोजर बेयर पावर प्लांट से 24 घंटे फ्लाई ऐश से लोड वाहनों की रफ्तार ने सड़क को छलनी कर दिया है। कदमटोला भालूमाड़ा से लेकर जमुना तिराहा कोतमा तक सड़क जगहदृजगह बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। आलम यह है कि इस मार्ग से गुजरना हर एक राहगीर के लिए मौत से जूझने जैसा हो गया है।
हादसे को दावत दे रहे गड्ढे



सड़क की खस्ताहाली का आलम यह है कि जैतहरी मोजर बेयर पावर प्लांट के फ्लाई ऐश ओवर लोड भारी वाहन तेज रफ्तार से गुजरते हैं और पीछे मौत के गड्ढे छोड़ जाते हैं। इन गड्ढों में फंसकर आए दिन बाइक सवार और छोटे वाहन चालक हादसे का शिकार होते रहते हैं। मगर मरम्मत और निर्माण की सुध लेने वाला कोई नहीं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बारदृबार शिकायतों और सड़क की दुर्दशा उजागर करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और विभाग मौन साधे बैठे हैं। जनता का साफ कहना है कि यदि समय रहते सड़क का निर्माण और मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ तो बड़ी दुर्घटनाएं होना तय है। एसईसीएल कम्पनी जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक और नगर पालिका अध्यक्ष कोतमा से नागरिकों ने अपील करते हुए कहा है कि भालूमाड़ा कोतमा सड़क मार्ग पर बने मौत के गड्ढों को तत्काल भरवाकर निर्माण कार्य की शुरुआत की जाए, जिससे आम नागरिकों को राहत मिले और दुर्घटनाओं पर लगाम लग सके।

## कोतमा कॉलरी का डाकघर खाता धारकों के लिए बना परेशानी का सबब

**हरिभूमि न्यूजभालूमाड़ा।** कोतमा कॉलरी का डाकघर पिछले एक माह से अधिक समय से यहां के खाताधारक उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबक बना हुआ है जानकारी के मुताबिक पिछले माह से जब पूर्व के डाकघर अधिकारी की जगह नए अधिकारी आए उनके आने के बाद से जितने भी खाता धारक लेनदेन करने के लिए डाकघर गए उन सभी से कहा गया कि आपका केवाईसी नहीं हुआ है और केवाईसी के नाम पर उनसे जरूरत के कागज लेकर फॉर्म भरने को कहा गया और साथ ही साथ यह बताया गया कि यह कागज भोपाल जाएगा और भोपाल से केवाईसी होकर आएगी जिसमें लगभग एक माह से अधिक का समय लग सकता है इस दौरान जितने भी खाता धारक थे उन्होंने अपने-अपने केवाईसी का फॉर्म जमा किया लेकिन उन्हें पैसा निकासी का कोई भी सुविधा डाकघर से नहीं दी गई। यहां पर सबसे बड़ा सवाल यही है की डाकघर में जो भी खाता खुलवाता है वह सारे कागजात जमा करता है और उन कागजों की जांच करने के उपरांत ही खाता खोला जाता है तो जब खाताधारक का नया खाता खुला तब वहां के अधिकारियों ने उनका केवाईसी क्यों नहीं किया अनेक ऐसे खाताधारक है जिनका खाता यहां पर खुले 10 साल 15 साल 20 साल हो चुके हैं। उन खाता धारकों को भी यही





कहा जा रहा है कि आप केवाईसी जमा करिए यहां पर छोटे गरीब छोटे बड़े व्यवसायी पेंशन धारक महिला पुरुष खाता धारक है जिनका समय-समय पर पेंशन आता है या कुछ उन्हें पैसों की जरूरत होती है तो वह लोग डाकघर से आसानी से पैसा निकालते रहे हैं लेकिन नए अधिकारी के आने के बाद उनके बताएं अनुसार केवाईसी ना होने का कारण बताते हुए सभी खाता धारकों का पैसा निकासी बंद कर दिया गया। अब वह खाताधारक अपना पैसा जो डाकघर में जमा किए हैं वह पैसा भी नहीं निकाल पा रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है दिनांक 18 सितंबर को भी अनेक खाताधारक पैसा निकासी के लिए डाकघर गए लेकिन वहां पर अधिकारी ने बताया कि हमारे पास पैसा नहीं है हम पैसा नहीं दे पाएंगे जब उनसे पूछा गया कि पैसा क्यों नहीं है तो उनका जवाब था कि हम पैसा मंगाने के लिए आदमी भेजे थे हमें पैसा नहीं मिला और जब पैसा आएगा तब पैसा देंगे जबकि डाकघर में लगभग 10 से 12 लोग अपने खाते से पैसा निकासी के लिए सुबह से इंतजार कर रहे हैं और सभी को यही कहा जा रहा है कि हजार -दो हजार लेना है तो ले लीजिए उससे अधिक का पैसा नहीं है हम नहीं दे पाएंगे। अब सवाल इस बात का है कि यदि किसी व्यक्ति को किसी खाताधारक को 1000 या15000 हजार या अधिक की जरूरत है तो वह क्या करें। क्या पोस्ट मास्टर के यह कहने से उनकी जिम्मेदारी पूरी हो जाती है कि हमारे पास पैसा नहीं है पैसा नहीं है इस बात की सजा खाताधारक को क्यों दी जा रही है। डाकघर में पैसा क्यों नहीं है पैसा लाने की जिम्मेदारी किसकी है। कारण कुछ भी हो लेकिन वहां पर उपस्थित बुजुर्गों महिलाओं ने बताया कि हमें अपने पैसे निकासी के लिए आज आना कल आना परसों आना करके टरकाया जा रहा है ऐसा लग रहा है की पोस्ट ऑफिस में खाता खुलवाकर हमने बहुत बड़ी भूल कर दी डाकघर के वरिष्ठ अधिकारियों से अपेक्षा है कि कोतमा कॉलरी डाकघर की व्यवस्था को दुरुस्त करने पर ध्यान दें।

# रक्सा-कोलमी क्रिकेट मैच में न्यू जोन पावर प्लांट की सौगात से गूंजा मैदान

### कोलमी ने लहराया जीत का परचम, गांवों की एकता और खेल भावना का ऐतिहासिक उत्सव

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले का रक्सा ग्राम पंचायत खेल मैदान 17 सितम्बर को इतिहास का गवाह बना, जब रक्सा और कोलमी की टीमें आमने-सामने आईं। न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पावर प्लांट के सौजन्य से आयोजित इस भव्य क्रिकेट फाइनल में चारों ओर उत्सव का माहौल था। ढोल-नगाड़ों की थाप, तालियों की गड़गड़ाहट और झंडियों से सजा मैदान मानो किसी मेले की तरह चमक रहा था। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने वाली रक्सा ने 88 रन बनाए, लेकिन आख़िरि ओवर के रोमांचक मुकाबले में कोलमी ने जीत का परचम लहराया। इस अवसर पर न्यू जोन के महाप्रबंधक ओमप्रकाश नैनीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा खेलेगा इंडिया तभी बढ़ेगा इंडिया। अनूपपुर जिले के रक्सा ग्राम पंचायत खेल मैदान में 17 सितम्बर का दिन खेल इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया जब रक्सा एवं कोलमी ग्राम पंचायतों के बीच फाइनल क्रिकेट मैच का आयोजन न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पॉवर प्लांट कंपनी के सौजन्य से किया गया। सुबह से ही गांव की पगडंडियों पर उत्साह की बयार बह रही थी। चारों ओर से सैकड़ों की तादाद में पुरुष, महिलाएं और बच्चे मैदान की शोभा बढ़ा रहे थे। ढोल-नगाड़ों और मंजीरों की थाप, तालियों की गड़गड़ाहट और बच्चों की खिलखिलाहट ने पूरे माहौल को उत्सव में बदल दिया। मैदान अस्थायी पंडाल किसी मेले का आभास कर रहे थे। मंच पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और कंपनी अधिकारी मौजूद रहे जिनमें ग्राम पंचायत रक्सा की सरपंच श्रीमती उमा सिंह, उपसरपंच श्रीमती रामकली सिंह, ग्राम पंचायत कोलमी के सरपंच राजू पनिका, उपसरपंच अजय उपाध्याय, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता देवघर मिश्रा, अशोक मिश्रा, लाल सिंह, मुकेश सिंह, पाल सिंह, अमोल सिंह, भूतपूर्व सरपंच मेल सिंह, हेमलाल सिंह तथा सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे। वहीं न्यू जोन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पॉवर प्लांट की ओर से सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सुधाकर पाण्डेय, वाइस प्रेसिडेंट सुशीलकांत मिश्रा, महाप्रबंधक ओमप्रकाश नैनीवाल, महाप्रबंधक रोहित पाटिल, सहायक महाप्रबंधक धीरज सिंह, सहायक प्रबंधक आकाश श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता कपिल, मैनेजर राहुल मिश्रा और एबीपी एस.के. मिश्रा सहित कई अधिकारी गरिमा के साथ उपस्थित रहे। मैच का टॉस रक्सा टीम ने जीता और पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। शुरुआती ओवर में ही सलामी बल्लेबाज़ ने चौका जड़कर तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी, हालांकि दूसरे ओवर में रक्सा को पहला झटका लगा। तीसरे से पाँचवें ओवर तक रक्सा ने अच्छे रन बटोरे और बच्चों की खुशी का ठिकाना न रहा। चौथे ओवर में एक शानदार छक्का मैदान से बाहर गया तो गांव के बच्चे गेंद लाने के लिए दौड़ पड़े। छठे ओवर में दूसरा विकेट गिरा लेकिन सातवें और आठवें ओवर में मध्यक्रम ने ताबड़तोड़ चौके-छक्के जड़े। नौवें ओवर में तीसरा विकेट गिरा, और दसवें यानी आखिरी ओवर तक रक्सा का स्कोर 88 रन पर चार विकेट हो गया। अब कोलमी के सामने था 89 रनों का लक्ष्य। कोलमी की पारी शुरू होते ही रोमांच चरम पर पहुँच गया। पहली ही ओवर में विकेट गिरा और दूसरी ओवर में एक और झटका, स्कोर केवल 10 पर दो विकेट। रक्सा समर्थक "रक्सा जीतेगा" के नारे लगाने लगे। तीसरे से पाँचवें ओवर में कोलमी ने संभलकर खेला, चौथे ओवर में पहला छक्का लगा जिससे समर्थकों में उत्साह लौट आया। छठे ओवर में तीसरा विकेट गिरा और स्कोर 40/3। सातवें ओवर में लगातार दो चौके और एक छक्का लगते ही कोलमी समर्थकों ने भी "कोलमी-कोलमी" के नारे लगा दिए। आठवें ओवर में चौथा विकेट गिरा लेकिन रन भी तेज़ी से बढ़े, स्कोर 65/4। नौवें ओवर में दो चौके लगते ही कोलमी की उम्मीदें जाग उठीं। आखिरी यानी दसवें ओवर में रोमांच अपने शिखर पर था। पहली गेंद डॉट रही, दूसरी पर दो रन, तीसरी पर चौका, चौथी पर एक रन। अब दो गेंदों में 8 रन चाहिए थे। पाँचवीं गेंद पर छक्का पड़ा, और पूरे मैदान में शोर गूंज उठा। अब आखिरी गेंद पर केवल दो रन चाहिए थे। गेंदबाज दौड़ा, बल्लेबाज़ ने जोरदार शॉट लगाया, गेंद बाउंड्री पार कर गई और कोलमी गांव ने फाइनल जीतकर इतिहास रच दिया। मैदान में जश्न का माहौल हो गया, खिलाड़ियों को कंधों पर उठा लिया गया, बच्चे झूमने लगे और महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर की। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। विजेता टीम कोलमी गांव को चमचमाती ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए, वहीं उपविजेता रक्सा गांव को भी मेडल और सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण ग्राम पंचायत रक्सा की सरपंच श्रीमती उमा सिंह, उपसरपंच श्रीमती रामकली सिंह, ग्राम पंचायत कोलमी के सरपंच राजू पनिका, उपसरपंच अजय उपाध्याय तथा मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। खिलाड़ियों के चेहरों पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। इस अवसर पर महाप्रबंधक ओमप्रकाश नैनीवाल ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि रक्सा और कोलमी के युवाओं ने यह साबित कर दिया है कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और एकता का प्रतीक है। उन्होंने घोषणा की कि दोनों टीमों को क्रिकेट किट्स उपलब्ध कराई जाएंगी और स्कूलों में पढ़ने वाली बच्चियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सहयोग मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का मानना है ।



**कार्यालय नगर परिषद बरगवॉ (अमलाई), जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

क्रं./1095/25-26 दिनांक- 17/09/2025

**//निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीकृत प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | GEM/2025/B/6656637 17/09/2025 | Supply ofTanker on Agriculture Trailer | 1. कार्य की समयावधि 15 दिन 2. कार्यलागत (अनुमानित) 10.00 Lacks | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य Rs ......... 2. EMD- Rs- 10000.00 | 08/10/2025 at 06:00 PM |

नोट :-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.gem.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा,पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद,बरगवां (अमलाई ),
जिला अनूपपुर (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### सांकेतिक भाषा दिवस 23 सितंबर को मनाया जाएगा

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस 23 सितंबर को मनाया जाएगा। उन्होने प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य पालीटेक्निक , आईटीआई उमरिया, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र तथा सामाजिक सुरक्षा अधिकारी से कहा है कि संस्था में पंजीकृत श्रवण बाधित छात्र छात्राओं एवं अन्य व्यक्तियो को 23 सितंबर को सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास लालपुर में प्रातः 11 बजे से आयोजित कार्यक्रम हेतु लाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम दिव्यांगजनों के हितार्थ में संचालित योजनाओ की जानकारी दी जाएगी।

### रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन आज

**कटनी।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने तथा एक छत के नीचे रोजगार की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार 19 सितंबर को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय झिंझरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसिशिप मेला (युवा संगम) का आयोजन किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया कि यह मेला जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र एवं शासकीय आई.टी.आई कटनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिले के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में नौकरी दिलाई जावेगी। वहीं दूसरी ओर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने के लिये लोन भी उपलब्ध कराया जावेगा। इसके अलावा युवाओं को जिले एवं जिले के बाहर की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप में भी भेजा जावेगा।

### सीएम ने एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण

**कटनी।** गुरूवार को बड़वारा आगमन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान अंतर्गत रूद्राक्ष, सप्तपर्णी, शमी, आंवाला और मोलश्री का पौधारोपण किया। साथ ही विभिन्न विभागों – राज्य आजीविका मिशन, नगरीय प्रशासन, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, उद्योग, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जनजातीय कार्य तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लगाई गई हितग्राहीमुखी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### कबड्डी टूर्नामेंट में तिलक कॉलेज बना विजेता

**कटनी।** शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरूवार को जिला स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस दौरान तिलक महाविद्यालय एवं कटनी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें तिलक महाविद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में जिलेभर से कुल 13 टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 14 दिवसीय गाइड प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया।** क्षेत्र संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व अनुपम सहाय ने बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 14 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 197 गाइड्स को वन्यजीव संरक्षण, इको टूरिज्म, व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संवाद कौशल, समय प्रबंधन एवं फील्ड वर्क से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।प्रशिक्षण कुल 7 बैचों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रत्येक बैच को दो-दो दिनों का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से कार्यरत गाइडों को पर्यटकों के बेहतर अनुभव हेतु सशक्त बनाना था। इस दौरान कुल 171 पुरुष एवं 26 महिला गाइड्स ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। पुणे से आए हुए विशेषज्ञ ट्रेनर्स अनुज खरे, राजीव पंडित एवं डॉ. उमेश कृष्णा ने गाइडों को वन्यजीवों का जीव विज्ञान, इको टूरिज्म के सिद्धांत एवं वन्य प्राणियों एवं वनस्पतियों की पहचान सहित अन्य आवश्यक विषयों पर विस्तारपूर्वक



जानकारी दी।प्रशिक्षण के तहत गाइड्स को बांधवगढ़ के टूरिज्म क्षेत्र में फील्ड विजिट कराकर प्रत्यक्ष अनुभव भी प्रदान किया गया, जिससे उनकी कार्य क्षमता और ज्ञान में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। इस वर्ष का पर्यटन सीजन 1 अक्टूबर से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम से प्रशिक्षित गाइड्स पर्यटकों को वन्य जीवन के प्रति जागरूकता के साथ बेहतर सेवा देने हेतु तैयार हैं। यह पहल ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराते हुए पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देगी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भविष्य में भी प्रशिक्षण आयोजित करें यह मांग समापन समारोह में गाइड्स के द्वारा रखी गई। पुणे से पधारे प्रशिक्षकों ने बताया कि यहां के गाइड्स काफी अनुभवी हैं तथा उन्हें प्रशिक्षण देने का अवसर मिलना उनके लिए भी काफी उत्साहजनक है। समापन समारोह में बांधवगढ़ के उपवनमंडल अधिकारी तथा वन परिक्षेत्राधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पोषण पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय उमरिया में कार्यक्रम संपन्न





**उमरिया।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी दिव्या गुप्ता् ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम अभियान के तहत जिला मुख्यालय स्तर पर पोषण माह कार्यक्रम के तहत पीएम श्री शा. रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय उमरिया मे सेल्फी पाइंट का आयोजन किया गया।

इसी तरह जिले की समस्त आंगनबाडी केन्द्रो मे पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर सेक्टर के ग्राम अखडार मे आयोजित किया गया। पोषण माह अभियान के तहत केन्द्र में कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों का चिन्हांकन करने के लिए वजन सत्यापन कार्य किया गया एवं पोषण माह का उददेश्य स्वा0 सशक्त परिवार अभियान एवं पोषण माह के समन्वित प्रयास माता किशोरी एवं बच्चों के पोषण पर प्रभावी रूप से कार्य करने का उचित अवसर है। आंगनबाडी केन्द्र में पोषण माह की गतिविधियों में मोटापा नियंत्रण, प्रारंभिक बाल्य वस्थार , देखभाल एवं शिक्षा , पोषण भी पढाई भी , शिशु एवं बाल आहार प्रथाएं , पुरूष सहभागिता , स्थापनीय खाद्य उत्पादों को बढावा की गतिविधि आयोजित की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय छात्र-छात्राएं, सुपरवाईजर पूजा गुप्तास, आशाकार्यकार्ता, मो0आशिफ, जिला समन्वयक अनामिका बाहेश्वर, सरोज तिवारी उपस्थित रहे।

# दस्तावेजों पर मुद्रांक शुल्क की नवीनतम दरें प्रभावी

**उमरिया।** भारतीय स्टाम्प अधिनियम 1899 की अनुसूची-1 (क) के तहत दस्तावेजों पर मुद्रांक शुल्क की नवीनतम दरें लागू कर दी गई हैं। उप पंजीक उमरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अब विभिन्न दस्तावेजों पर देय मुद्रांक शुल्क इस प्रकार निर्धारित किया गया है।

शपथ पत्र अनुच्छेद-5 में ?200, अनुबंध पत्र (कब्जा रहित) अनुच्छेद 6-ड.(2) में 5000, करार या करार का ज्ञापन अनुच्छेद 6-छ.ख में यदि संविदा मूल्य 50 लाख तक है तो 1000 तथा 50 लाख से अधिक होने पर संविदा मूल्य का 0.2 प्रतिशत (अधिकतम सीमा 10 लाख) देय होगा।

इसी प्रकार सहमति पत्र अनुच्छेद-24 (बिना प्रतिफल के) 5000, संशोधन पत्र अनुच्छेद-32 में 5000, पट्टा विलेख अनुच्छेद 38 (ख) (तीन खनिज पट्टे) में देय रकम का 2 प्रतिशत, बंदूक लाइसेंस अनुच्छेद 41 (क)(क)(1) रिवाल्वर/पिस्तौल हेतु 10000 तथा अनुच्छेद 41 (क)(क)(2) अन्य हथियार हेतु 5000 निर्धारित किया गया है।

बंदूक लाइसेंस के नवीनीकरण में रिवाल्वर/पिस्तौल हेतु 5000 तथा अन्य हथियार हेतु 2000 शुल्क निर्धारित है। पार्टनरशिप डीड अनुच्छेद 49 (क) में जहां भागीदारी में अभिदाय का शेयर 50,000 से अधिक न हो वहां 5000 और पार्टनरशिप डीड विघटन अनुच्छेद 49 (ख) (ख) में, यदि स्थावर संपत्ति शेयर के रूप में न हो, तो 5000 शुल्क लगेगा।

पावर ऑफ अटॉर्नी अनुच्छेद 50 (क) में 2000, अनुच्छेद 50 (ख)(2) में 5000, मुख्तियारनामा अनुच्छेद 50 (घ)(1) (परिवार के सदस्य के मध्य बिना प्रतिफल) में 2000, जबकि अनुच्छेद 50 (ड.) एवं 50 (च) में भी 2000 शुल्क निर्धारित है। बंधकित संपत्ति का प्रतिहस्तांतरण अनुच्छेद-53 में 5000, पट्टे का अभ्यर्पण अनुच्छेद-60 में ?2000 और न्यास का प्रतिसंहरण अनुच्छेद 63 (ख) में 5000 शुल्क प्रभावी किया गया है।

# बघईया, नरगडा और आसपास के नाले से रेत का अवैध उत्खनन जोरों पर



### अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप, कार्यवाही की मांग

**धनपुरी।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोगों ने बताया कि धनपुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बघइया,नरगडा नदी, सहित इन्हीं नदियों से जुड़ी जगह जगह स्थानो से इन दिनों रेत का अवैध उत्खनन धड़ल्ले से चल रहा है। कथित रेत माफियाओं को ना तो प्रशासन का डर है ना ही किसी प्रकार की कारवाही का। रेत का अवैध उत्खनन जगह-जगह धड़ल्ले से चल रहा है। बताया जाता है कि हो रहे बरसात से काफी रेट एकत्र हो गया है जिसको सुबह शाम, चोरी छुपे निकाला जा रहा है मगर पुलिसिया कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे इनके हौसले बढ़े हुए हैं।

जानकारी में बताया जा रहा है कि चोरी छिपे आज टेक्टर में रेत ले जाते पुलिस ने पकड़ा और उसके बाद आगे की कार्यवाही की जानकारी नहीं हो पाई कुछ लेना देना बात हो रही थी।

### रेत अवैध उत्खनन

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अवैध उत्खनन का खेल धड़ल्ले से क्षेत्र के अंदर चल रहा है। यह बात सभी को पता है मगर पुलिस की कार्यवाही न करने की वजह से शक के दायरे में आ रही है रोज रेत गाड़ियां निकाली जाती है और नगर में कहीं पर भी बिंदास तरीके से पहुंचाई जाती है इन अवैध उत्खनन वालों को किसी प्रकार भय डर दिखाई नहीं दे रहा है जो इस बात का प्रमाण है कि पुलिस का वरदहस्त रेत माफियाओं को प्राप्त है।

### टूट रही नदी की सांसें

गौरतलब है कि इन बघइया, नरगडा नदी आसपास नालों से बेधड़क रेत चोरी को लेकर कार्य वाही न होने के चलते नदी नालों की सांसे टूट चुकी हैं और इसका एक कारण खनन माफियाओं द्वारा उक्त नाला मे लगातार रेत उत्खनन किया जा रहा रेत का अबैध उत्खनन से जिससे नाला का स्वरूप दिनों दिन बिगड़ रहा है साथ ही कर्ताधर्ताओं का नकारापन है जो इन पर अंकुश लगाने के बजाय रेत माफियाओं को सह दे रहे है।

### कार्यवाही की मांग

नगर की जनता जनों ने बताया कि अभी तक क्षेत्र में इस तरह की रेत चोरी घटना घटित नहीं होती थी लेकिन रेत चोरी की घटना व आसपास नालो से रेत की चोरी से आम जन अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं भयभीत नजर आ रहे हैं। जनता जनार्दन कार्यवाही की मांग की जा रही है जिससे अमन शांति कायम रह सके।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तृतीय दिवस निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन





**उमरिया।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तृतीय दिवस, 19 सितंबर 2025 को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया में स्वच्छता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों सुहानी मिश्रा, इच्छा गुप्ता, ख़ुशी केवट, आकाश यादव, शरण्जिका यादव, पूनम तिवारी, माधुरी प्रजापति, हर्षिता प्रजापति, सावित्री सिंह,पिहू अग्रवाल आदि ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार का वितरण मुख्य कार्यक्रम में किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन में व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ सामूहिक स्वच्छता भी उतनी ही आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने सभी को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी और उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य यू.बी. सिंह, विनोद मिश्रा, जे.डी. तिवारी, ऋतु सिंह यादव,शिव शेखर मिश्रा, रोहित कुशवाहा सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद उमरिया की ओर से अखिलेश सिंह, शिवनारायण सिंह,निशांत मिश्रा, संदीप सोंधिया, हेमलाल कोल आदि की उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री ने विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वारा में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के सभी घटकों को समाहित करते हुये यहां लगी विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान परिवहन और स्कूल शिक्षा मंत्री एवं कटनी के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने लाड़ली बहनों से रु-ब-रु चर्चा भी की। लाड़ली बहनों ने अपने प्यारे भैया मुख्यमंत्री को खादी का गमछा पहनाया। बहनों ने मुख्यमंत्री को हर घर नल से जल एवं स्व- सहायता समूह के माध्यम से लखपति बनी दीदियों ने सामूहिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी की सराहना की। प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वोकल फॉर लोकल की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों और जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा एक जिला एक उत्पाद के तहत कटनी सैंड स्टोन से निर्मित कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई थी।

# दशकों की ऊर्जा उत्खनन यात्रा को मिला गौरव



**प्रथम एसईसीएल कोलफील्ड्स विश्वकर्मा अवार्ड 2025 का हुआ आयोजन, उमेश दहिया सम्मानित**

**धनपुरी।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), जो देश की ऊर्जा रीढ़ कही जाती है, ने अपनी स्थापना के बाद पहली बार ₹एसईसीएल कोलफील्ड्स विश्वकर्मा अवार्ड 2025₹ की शुरुआत की। यह ऐतिहासिक आयोजन गुरुवार को रविन्द्र भवन, वसंत विहार (बिलासपुर) में बड़े ही धूमधाम और गरिमामयी वातावरण में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर सोहागपुर क्षेत्र के कर्मठ श्रमिक श्री उमेश दहिया को उनके असाधारण श्रम, साहस और समर्पण के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### थीम पर आयोजन

इस थीम ने यह संदेश दिया कि एसईसीएल की दशकों की अथक मेहनत ने न केवल देश को ऊर्जा दी है बल्कि कोयलांचल क्षेत्र के हजारों परिवारों को भी नया जीवन प्रदान किया है।

### अतिथियों की उपस्थिति

सम्मान समारोह में श्री तोखन साहू, श्री सुशीत शुक्ला और श्री हरीश दुहन मुख्य मंच पर मौजूद रहे। सभी ने कहा कि यह पुरस्कार कर्मयोगियों की मेहनत को सलाम करने का प्रयास है।

**भावुक हुए उमेश दहिया**

सम्मान ग्रहण करने के बाद उमेश दहिया भावुक हो उठे। उन्होंने कहा — "यह उपलब्धि सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि उन सभी साथियों की है जो खदानों में पसीना बहाकर देश की ऊर्जा जरूरतें पूरी करते हैं।₹

**एसईसीएल प्रबंधन की पहल**

प्रबंधन ने घोषणा की कि यह अवार्ड हर साल उन श्रमिकों और अधिकारियों को दिया जाएगा, जिन्होंने अपने कार्य और समर्पण से कोयलांचल में नई मिसाल कायम की है।

# तुलसी पंछी के पिये घटे न सरिता नीर, दान दिये धन ना घटे जो सहाय रघुवीर

**धनपुरी।** सेवा और दान की इसी भावना को साकार करते हुए लीनेस क्लब बुढ़ार ने नगर के सरस्वती शिशु मंदिर/उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुरी को सहयोग स्वरूप तीन पंखे और एक अलमारी प्रदान की। यह कार्यक्रम दिनांक 18 सितम्बर 2025 को विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ।

### कार्यक्रम की शुरुआत

समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय की आचार्य दीदीजियों ने अतिथियों का तिलक-बंदन कर स्वागत किया। तत्पश्चात लीनेस क्लब की बहनों ने अपने संगठन के उद्देश्यों और समाजसेवा से जुड़े कार्यों की जानकारी दी।

### प्रमुख उपस्थिति

कार्यक्रम में लीनेस क्लब अध्यक्ष श्रीमती मोनिका अग्रवाल, सचिव श्रीमती अंजू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती श्यामा गुप्ता, श्रीमती प्रतिभा जैन, श्रीमती अंजू दुआ, श्रीमती अर्चना ओझा और श्रीमती सरिता अग्रवाल



विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

इसके अलावा विभाग संयोजक राम शिरोमणि शर्मा, विद्यालय व्यवस्थापक ऋषि शुक्ला, सह-व्यवस्थापक शशिकांत विश्वकर्मा, श्रीमती सरिता शर्मा, प्राचार्य दिव्या विश्वकर्मा सहित सभी आचार्य दीदीजी भी मौजूद रहे।

### आभार और विचार

विद्यालय समिति के व्यवस्थापक ऋषि शुक्ला ने क्लब के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और विद्या भारती के कार्यों एवं समाज में उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसे योगदान से शिक्षा के स्तर को और सशक्त बनाने में मदद मिलती है।

### बच्चों को मिलेगा लाभ

गर्मी के मौसम में अब विद्यार्थियों को शीतल हवा और ठंडे वातावरण का लाभ मिलेगा। वहीं अलमारी से शिक्षण सामग्री का संरक्षण आसान होगा। बच्चों और शिक्षकों के चेहरों पर प्रसन्नता देखते ही बन रही थी।

### समाजहित में योगदान

अध्यक्ष श्रीमती मोनिका अग्रवाल ने कहा कि अपने एक वर्ष के कार्यकाल में लीनेस क्लब ने कई सेवा-भाव से जुड़े कार्य किए हैं और आगे भी इसी तरह की गतिविधियाँ जारी रहेंगी।

# पोषण प्रदर्शनी लगाकर बताया महत्व, कहा स्वस्थ शरीर के लिए बेहतर खान-पान होना बहुत जरूरी

**हरिभूमि न्यूजः स्लीमनाबाद** सेवा पखवाडा अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद मैं राष्ट्रीय पोषण अभियान का आगाज बाकल मे हुआ जहाँ महिला एवं बाल विकास विभाग ने पोषण पर जागरूकता महत्व बतलाया तों स्वास्थ्य विभाग ने स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पर जानकारियां प्रदान की। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से पोषण व्यंजनी प्रदर्शनी लगाकर पोषण का महत्व बतलाया। शारीरिक रूप से कमजोर चिन्हित गर्भवती माताओ को पोषण युक्त आहार का सेवन कराया गया। साथ ही जन सहयोग से जो पौष्टीक सब्जियाँ मिली उन्हें पोषण मटका मे एकत्रित किया गया। गर्भवती महिलाओं को पोषण आहार लेने संबंधित जानकारी दी गई। पर्यवेक्षक सुनीता बेन ने किशोरियों, महिलाओं व बच्चों के लिए सही पोषण व खानपान के बारे में जागरूक किया।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 22 को

**हरिभूमि नयूज अनूपपुर।** आगामी त्यौहार 22 सितम्बर से नवरात्रि प्रारंभ, 02 अक्टूबर को दशहरा (विजयादशमी) एवं 20 अक्टूबर को दीपावली के दौरान जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने को दृष्टिगत रखते हुए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में 22 सितम्बर 2025 को शाम 5 बजे से आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय ने सर्व संबंधितों से बैठक में उपस्थित होने को कहा है।

### विद्यालयों में विभिन्न माध्यम से दिया गया स्वच्छता का सन्देश

**हरिभूमि नयूज अनूपपुर।** जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों में निबंध, चित्रकला, भाषण, शपथ, साफ-सफाई, एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों व छात्र, छात्राओं ने भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि मानव जीवन में स्वच्छता का बहुत बड़ा महत्व है। यदि व्यक्ति स्वच्छता नहीं अपनाता, तो गंदगी से होने वाली कई बीमारियों का शिकार हो जाता है।

### मतदाताओं के विवरण मैपिंग के संबंध में बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि नयूज अनूपपुर।** निर्वाचक नामावली 2003 के गहन पुनरीक्षण के डाटा एवं वर्ष 2025 की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं के विवरण मैपिंग के संबंध में बैठक अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि, जिला निर्वाचन कार्यालय के संजय निगम आदि उपस्थित रहे। बैठक में पुनरीक्षण के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई एवं इस संबध में विस्तृत चर्चा की गई।

### पूर्व सरपंच के निधन से शोक



**हरिभूमि न्यूज वेंकटनगर।** वेंकटनगर ग्राम के वरिष्ठ व प्रबुद्ध, पूर्व सरपंच रामविलाश शुक्ला (दद्दा महाराज) ने दोपहर लगभग 2:30 बजे अंतिम सांस ली और वे इस नश्वर संसार को छोड़कर परमधाम को प्रस्थान कर गए। श्री शुक्ला ने अपने जीवनकाल में ग्राम वेंकटनगर ही नहीं, बल्कि आस-पास के क्षेत्रों में भी अपनी सादगी, सेवाभाव और सामाजिक नेतृत्व से लोगों के बीच गहरी छाप छोड़ी। ग्राम के उत्थान और जनसेवा के कार्यों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ग्राम के लोग उन्हें स्नेहपूर्वक "दद्दा महाराज" कहकर पुकारते थे। उनका जाना ग्राम समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके जीवन से ग्रामवासियों को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। अंतिम संस्कार का कार्यक्रम दूसरे दिन प्रातः 10 बजे पंडित टी.पी. शुक्ला महाविद्यालय के पीछे संपन्न हुआ। आपका अंतिम यात्रा में सम्मिलित प्रबुद्ध जनों के द्वारा श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि देते हुए ईश्वर से प्रार्थना कि है दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति दें।

### अनूपपुर टाउन फीडर में आज और कल विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**हरिभूमि नयूज अनूपपुर।** म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने बताया है कि संचा./संधा. उपसंभाग अनूपपुर अंतर्गत विद्युत वितरण केन्द्र अनूपपुर (शहर) के 11 के.व्ही. अनूपपुर टाउन फीडर में जर्जर/खराब पोलों को बदलने का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के प्रभावी रूप से सम्पादन हेतु 20 एवं 21 सितम्बर को 11 के.व्ही. अनूपपुर टाउन फीडर से संबंधित विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति प्रातः 7 बजे से प्रातः 11 बजे तक अवरुद्ध रहेगी।

---

दुर्गा मूर्ति स्थापना से पहले ही तोड़ा पंडाल, पहुंचाई धार्मिक भावना को ठेस

# पंडाल तोड़ ससुर-दामाद ने धार्मिक आस्था को किया 'आहत'



### मौके पर पहुंचे तहसीलदार और पुलिस, ग्रामीणों मे आक्रोश

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत मुंडा में 17 सितम्बर को उस समय हड़कंप मच गया जब सुबह लगभग 10 बजे चोखन राठौर अपने दामाद के साथ मिलकर वर्षों पुराने दुर्गा चबूतरा पंडाल को तोड़ दिया। यह वही स्थल है जहां पिछले 15 से 20 वर्षों से लगातार दुर्गा प्रतिमा स्थापना कर पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व के अवसर पर प्रतिमा स्थापना की तैयारी चल रही थी, लेकिन प्रतिमा स्थापना से पहले ही पंडाल तोड़ दिया गया। इस घटना ने पूरे गांव की धार्मिक आस्था और परंपरा को गहरी ठेस पहुँचाई है।

### सरपंच और ग्रामीण पहुंचे थाना

घटना के बाद ग्राम पंचायत मुंडा की सरपंच सरस्वती त्रिवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण वेंकट नगर थाना चौकी पहुँचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई। ग्रामीणों ने इसे आस्था पर हमला बताते हुए दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही तहसीलदार जैतहरी एवं चौकी प्रभारी वेंकट नगर तत्काल मौके पर पहुँचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।



### तनाव का माहौल

स्थानीय दुर्गा समिति और ग्रामीणों ने कहा कि इतने वर्षों से शांतिपूर्वक धार्मिक आयोजन हो रहे इस स्थल को प्रतिमा स्थापना से पहले तोड़ना असहनीय है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल है। बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर चर्चा कर रहे हैं और प्रशासन से तुरंत ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे है।

---

# धार्मिक आयोजन में अश्लील गीत बजाकर सनातन संस्कृति को न करें धूमिल

### शंकर सेना भक्तिमय वातावरण में हो धार्मिक आयोजन



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आगामी समय में नवरात्रि पूजा के साथ ही अन्य त्योहार होने जा रहे हैं जिसे हमारा हिंदू समाज बड़े ही धूमधाम के साथ और श्रद्धापूर्वक मानता है लेकिन हमारे श्रद्धा और विश्वास पर तब चोट पहुंचाई जाती है जब धार्मिक आयोजन में फूहड एवं अश्लील गीतों की प्रस्तुति कर दी जाती है उस समय न केवल हमारे पूरे आयोजन पर पानी फिर जाता है बल्कि हमारे सनातन संस्कृति की बैंड बज जाती है। करौली शंकर महादेव कानपुर के शंकर सेना अनूपपुर के जिला अध्यक्ष राजेश सिंह ने आगामी समय में आयोजित होने वाले धार्मिक आयोजनों में मस्त मंदिर एवं पंडाल के प्रमुखों से अपील किया है कि धार्मिक आयोजन में अश्लील गीतों को पूर्ण रूप से प्रबंधित करें जिससे कि हमारे समाज में जो एक गलत प्रवृत्ति फैल रही है उसे पर अंकुश लग सके और हमारे सनातन संस्कृति की रक्षा सुनिश्चित हो सके। सिंह ने कहा की हम सभी पूरी श्रद्धा के साथ भगवान की आराधना करते हैं लेकिन बजने वाले अश्लील गीत हमारे स्मृतियों को प्रभावित कर देती हैं और गंदी स्मृतियां लेकर हम जब भगवान के दरबार से निकलगें तो सभ्य समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती। शंकर सेना अनूपपुर जिला अध्यक्ष राजेश सिंह ने होने वाले धार्मिक आयोजन में अश्लील गीतों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने की मांग की है और प्रशासन, धार्मिक आयोजन करने वाले आयोजको तथा धर्म गुरुओं से अपेक्षा की है कि सभी लोग आयोजित होने वाले क्षेत्र की शांति समिति की बैठक में इस बात को प्रमुखता से रखें तथा सनातन संस्कृति को संरक्षित करने की दिशा में अपना कदम आगे बढ़ाएं और होने वाले धार्मिक आयोजन में फूहड एवं अश्लील गीतों पर रोक लगाने का प्रयास करें।

---

# कोहका को किया गया नशा मुक्त पंचायत घोषित

### भगवती मानव कल्याण संगठन के प्रयास को मिल रही सराहना

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 19 सितंबर शुक्रवार को पुष्पराजगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत कोहका को भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वाधान में नशा मुक्त पंचायत घोषित किया गया। अब यहां शराब बेचने व बनाने वाले पर जुर्माना 5000 रूपये लगेगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान की उपस्थिति में नशा मुक्त संकल्प के साथ नशा मुक्ति पंचायत घोषित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती संगीता सिंह, उपसरपंच श्रीमती मनवाती सिंह, जिला अध्यक्ष अमित पडवार, पार्टी जिला अध्यक्ष रामकिशोर सिंह राण, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित कुमार यादव, जिला पार्टी उपाध्यक्ष धनीराम तिवारी,



संगठन जिला कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, जिला अध्यक्ष तारु नायक, पूर्व जिला अध्यक्ष घासी नायक, प्रांतीय उपाध्यक्ष रामकृपाल परस्ते, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती संध्या पड़वार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती मीरा सोनवानी एवं ग्राम पंचायत कोहका के लोग उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा जिले के हर गांव में घर-घर जाकर लोगों को नशा मुक्त किया जाता है नशा मुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया जाता है। घोषणा के बाद ग्राम पंचायत प्रांगण मे एक पेड़ मां के नाम पर महाराष्ट्र से लाये गये अमरूद का पौधा पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान व सरपंच संगीता सिंह द्वारा रोपित किया गया। आभार प्रदर्शन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित कुमार यादव किया।

---

# बंकिम बिहार जमुना कालरी में प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**हरिभूमि नयूज अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शुक्रवार को बंकिम बिहार जमुना कालरी में भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम के मार्गदर्शन में एक भव्य प्रबुद्ध जन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग, शिक्षाविद, समाजसेवी, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के प्रधानमंत्री के कार्यकाल, व्यक्तित्व एवं राष्ट्रहित में किए गए उनके अद्वितीय योगदान पर चर्चा करना तथा आने वाले समय के लिए सेवा संकल्प लेना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद पसान के अध्यक्ष राम अवध सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में सेवा पखवाड़ा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने पिछले वर्षों में ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की हैं। उन्होंने



जनकल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का यह दायित्व है कि वे इन योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाने का संकल्प लें। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता भाजपा जिला प्रभारी मिथिलेश पयासी ने अपने विस्तृत व्याख्यान में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने न सिर्फ देश को आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाया है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी भारत की साख बढ़ाई है। चंद्रयान-3, जी-20 की अध्यक्षता, कोरोना महामारी का सफल प्रबंधन और आत्मनिर्भर भारत अभियान उनके दूरदर्शी नेतृत्व की मिसाल है। संगोष्ठी के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की, जिसमें स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण तथा समाज के वंचित वर्ग के बीच सेवा कार्य प्रमुख रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री धीरेंद्र सिंह मिंटू के द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के जिला महामंत्री सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक जितेंद्र सोनी, सिद्धार्थ शिव सिंह, रवि राठौर, शिवनारायण शुक्ला, मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी, शिवरतन वर्मा, सत्यनारायण सोनी, सुषमा जोशी, भाजपा नेता चंद्रिका द्विवेदी, राजेश सिंह, लाल बहादुर जायसवाल, उदय प्रताप सिंह, अजय यादव, तेजभान सिंह, रंजीत सर्राते के अलावा भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे आभार प्रकट मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी के द्वारा किया गया।

---

## गंगोत्री से रामेश्वरम तक पैदल यात्रा कर अमरकंटक पहुंचे स्वामी राघवानंद जी महाराज



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** बाबा कल्याण दास जी के शिष्य स्वामी राघवानंद जी महाराज एक अभूतपूर्व आध्यात्मिक यात्रा पर हैं। वे उत्तराखंड में स्थित गंगोत्री धाम से गंगाजल लेकर तमिलनाडु के रामेश्वरम तक की पैदल यात्रा कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य भगवान शिव का गंगाजल से जलाभिषेक करना है। वे हाल ही में अपनी यात्रा के दौरान मध्य प्रदेश के अमरकंटक पहुंचे, जहाँ उनका स्वागत किया गया। इस कठिन यात्रा के बारे में बताते हुए, स्वामी राघवानंद जी महाराज ने कहा, "यह यात्रा अत्यंत चुनौतीपूर्ण है। कई बार विश्राम करने के लिए जगह नहीं मिलती, लेकिन मेरे गुरु बाबा कल्याण दास जी के आशीर्वाद और प्रेरणा से मैं इस यात्रा पर निकल पड़ा हूँ।"उन्होंने बताया कि अब तक वह लगभग 1200 किलोमीटर की दूरी तय कर चुके हैं और अभी भी लगभग 2500-2600 किलोमीटर की यात्रा शेष है। उनका दृढ़ संकल्प है कि वह जल्द ही रामेश्वरम पहुंचकर अपनी यात्रा पूरी करेंगे और भगवान रामेश्वरम स्वामी (भगवान शिव) को मां गंगा का पवित्र जल अर्पित करेंगे। स्वामी राघवानंद जी महाराज की यह पैदल यात्रा न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह आस्था, दृढ़ इच्छाशक्ति और आध्यात्मिक समर्पण का भी प्रतीक है। उनकी इस लंबी और कठिन यात्रा से कई लोगों को प्रेरणा मिल रही है।

---

### कल्याणिका महाविद्यालय के एनएसएस इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान




**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** कल्याणिका महाविद्यालय अमरकंटक की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक महत्त्वपूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान के तीसरे दिन स्वयंसेवक छात्रों ने नर्मदा नदी के राम घाट एवं पुष्कर घाट की सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। छात्रों ने घाटों से गंदगी हटाकर उन्हें स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने का प्रयास किया। जन-जागरूकता दृ स्थानीय लोगों व पर्यटकों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। छात्रों ने स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान में भाग लिया और सामाजिक एकता का परिचय दिया। नागरिकों और सामाजिक संगठनों को स्वच्छता के महत्व से जोड़ना। सामुदायिक भागीदारी दृ समाज के विभिन्न वर्गों को शामिल कर सहयोग की भावना बढ़ाना। पर्यावरण संरक्षण दृ स्वच्छता के माध्यम से प्राकृतिक धरोहर की रक्षा करना। कल्याणिका महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की इस पहल ने न केवल घाटों को स्वच्छ बनाया, बल्कि स्थानीय नागरिकों में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई चेतना भी जगाई।

### पेंशन शिविर में 23 प्रकरणों का निराकरण कर पीपीओ जारी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार सेवानिवृत शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु कलेक्ट्रेट स्थित जिला पेंशन कार्यालय अनूपपुर में 12 व 13 सितम्बर को पेंशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 23 सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के प्रकरणों का निराकरण करते हुए पेंशन स्वीकृति आदेश (पीपीओ) जारी किए गए। जिला पेंशन अधिकारी ने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा है कि अपने विभाग के लंबित पेंशन प्रकरणों को यथाशीघ्र जिला पेंशन कार्यालय में प्रेषित करें, ताकि प्रकरणों का समय पर निराकरण हो सके।

---

# बीजापुरी के काष्ठ शिल्पकारों की प्रतिभा अद्भुत एवं अद्वितीय

### कलेक्टर ने बीजापुरी नंबर-1 के काष्ठ शिल्पकारों को किया टूल्स वितरित

**हरिभूमि नयूज अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि अनूपपुर जिले के ग्राम बीजापुरी नंबर-1 के काष्ठ शिल्पकारों की प्रतिभा अद्वितीय एवं उत्कृष्ट है। यहां निर्मित काष्ठशिल्प की विशिष्टता इसे अन्य क्षेत्रों से अलग बनाती है। जिला प्रशासन की प्राथमिकता स्थानीय कला एवं शिल्प को प्रोत्साहित करना है, ताकि इस क्षेत्र की पारंपरिक प्रतिभा सुरक्षित रहे और नई पीढ़ी में इसका प्रचार-प्रसार हो। इस दिशा में प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें शिल्पकारों को आवश्यक उपकरण प्रदान करना, बड़े व्यापारियों से जोड़कर विपणन के अवसर उपलब्ध कराना और उनकी कला को व्यापक स्तर पर पहचान दिलाना शामिल है। कलेक्टर श्री पंचोली जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम बीजापुरी नंबर-1 में आयोजित टूल्स वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि प्रशासन निरंतर प्रयासरत है कि यह पारंपरिक कला आर्थिक एवं सांस्कृतिक रूप से सशक्त हो। उन्होंने कहा कि बीजापुरी के काष्ठ शिल्पकारों के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन विभिन्न पहल कर रहा है। इसके अंतर्गत उनके शिल्प की जानकारी और उपलब्धियों को दर्शाने वाले कैटलॉग, विजिटिंग कार्ड, फ्लेक्स और बैनर तैयार किए जाएंगे। स्थानीय होटल, हाट बाजार और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर फ्लेक्स लगाकर जनता तक इसकी जानकारी पहुँचाई जाएगी। इसके साथ ही विजिटिंग कार्ड बड़े शहरों में आयोजित होने वाले कला प्रदर्शनियों में प्रमुख व्यापारियों और अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों को वितरित किए जाएंगे। इस प्रयास से बीजापुरी के शिल्पकारों की प्रतिभा देश तक पहुंच सकेगी और उनकी कला का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा।



### प्रदान किए गए आवश्यक उपकरण

कलेक्टर श्री पंचोली ने कहा कि धार्मिक एवं पर्यटन नगरी अमरकंटक आने वाले पर्यटकों को ग्राम बीजापुरी नंबर-1 के काष्ठ शिल्पकारों की प्रतिभा और उनके द्वारा निर्मित उत्कृष्ट शिल्प के बारे में जानकारी दी जाएगी। उनका उद्देश्य है कि अमरकंटक आने वाले पर्यटक बीजापुरी भी अवश्य आएं और यहां के शिल्पकारों द्वारा निर्मित काष्ठशिल्प का प्रत्यक्ष अवलोकन करें। इस पहल से न केवल शिल्पकारों की कला का प्रचार-प्रसार होगा, बल्कि पर्यटक उनके उत्पादों को देख, खरीद और सराह भी सकेंगे। कलेक्टर ने कहा कि जिला प्रशासन स्थानीय शिल्पकारों को पर्यटन गतिविधियों से जोड़कर उनके शिल्प का व्यापक प्रचार सुनिश्चित करेगा, जिससे उनकी प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर तक पहुँच सके और ग्राम बीजापुरी का शिल्प एक विशिष्ट पहचान के रूप में स्थापित हो। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने ग्राम बीजापुरी नंबर-1 के काष्ठ शिल्पकारों को काष्ठ शिल्प टूल्स वितरित किए। इस अवसर पर अध्यक्ष पंचम सिंह परस्ते के साथ-साथ धोकल सिंह, अनेश सिंह, दुर्गेश सिंह, सज्जन सिंह, देवेंद्र सिंह, लाल सिंह, पहुप सिंह, जोहन सिंह और देव सिंह भी उपस्थित थे तथा उन्हें आवश्यक उपकरण प्रदान किए गए। इस दौरान कलेक्टर ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान तथा सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त जिला बनाने की शपथ दिलाई। इस दौरान जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका मिशन शशांक प्रताप सिंह ने कास्ठ शिल्पकारों के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जाने कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के. के. सोनी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती मंजूषा शर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत बीजापुरी नंबर 1 श्रीमती सुभद्रा मरावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक आजीविका मिशन प्रदीप झारिया ने किया।